**सं.: 1:05:138:I:सीएस**
**दिनांक : 23.06.2026**

| | |
|---|---|
| नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड<br>लिस्टिंग विभाग, एक्सचेंज प्लाजा,<br>बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पू), मुंबई-400 051 | बीएसई लिमिटेड,<br>कॉर्पोरेट सेवाएं विभाग, मंजिल-25,<br>पी .जे .टावर्स, दलाल स्ट्रीट, मुंबई-400001 |

**विषय: सेबी (सूचीबद्धता दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के अनुपालन में सूचना।**

महोदया/ महोदय,

पीएफसी ने अपने 8,000,000,000 अमेरिकी डॉलर के ग्लोबल मीडियम टर्म नोट कार्यक्रम के अंतर्गत 300,000,000 अमेरिकी डॉलर के 5.32 प्रतिशत नोट्स (देय वर्ष 2031) जारी किए हैं। इन नोट्स का मूल्य निर्धारण 22 जून 2026 को किया गया तथा इन पर 5.32 प्रतिशत वार्षिक की कूपन दर देय होगी, जिसका भुगतान प्रत्येक ब्याज भुगतान तिथि अर्थात् 30 जून एवं 30 दिसंबर को अर्धवार्षिक आधार पर बकाया रूप में किया जाएगा। इन नोट्स का निपटान 30 जून 2026 को होने की अपेक्षा है।

नोट्स के नियमों एवं शर्तों के अनुसार पूर्व मोचन न किए जाने की स्थिति में, ये नोट्स 30 जून 2031 को परिपक्वता प्राप्त करेंगे तथा मूलधन एवं ब्याज का भुगतान अमेरिकी डॉलर में किया जाएगा।

ये नोट्स पीएफसी के प्रत्यक्ष, बिना शर्त एवं असुरक्षित दायित्वों का प्रतिनिधित्व करते हैं तथा इनकी रैंकिंग आपस में तथा निर्गमकर्ता के अन्य सभी असुरक्षित दायित्वों के समान (पैरी-पासू) होगी। इन नोट्स को एनएसई आईएफएससी तथा इंडिया आईएनएक्स में सूचीबद्ध किया जाएगा।

यह सूचना आपके सदस्यों एवं अन्य सभी संबंधित व्यक्तियों की जानकारी हेतु तथा सेबी (सूचीबद्धता दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के लागू प्रावधानों के अनुपालनार्थ दी जा रही है।

धन्यवाद।

**भवदीय,**
**कृते पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड**

**( मनीष कुमार अग्रवाल )**
**कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी**
**mk_agarwal@pfcindia.com**